**BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA**

**First Term Examination (18 September 2025)**

**CLASS - VIII**

**PAPER- HINDI (Set – B)**

**Time:3 hr.** **M.M. 80**

**खंड -क (अपठित बोध)**

**प्रश्न 1) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए** **(5)**

संसार का कोई धर्म आदमी-आदमी में बैर रखना नहीं सिखाता। सभी धर्म यही कहते हैं कि सभी मानव समान हैं। आश्चर्य की बात यह है कि सभी को समान कहते हुए भी वे आपस में लड़ते हैं। उन सबमें एक बुराई समान रूप से घर कर जाती है कि वे स्वयं को सबसे खास समझने लगते हैं। उनके मन में यह गुमान होने लगता है कि उनके धर्म को मानने वाले संसार में सर्वश्रेष्ठ हैं, यहीं से औरों को नीचा दिखाने की शुरुआत हो जाती है। भारत भी एक धर्म-निरपेक्ष देश है। भारत में विभिन्न धर्मों के लोग रहते हैं फिर भी वे सब एक-दूसरे के धर्मों का सम्मान करते हैं तथा वे सब आपस में मेल-मिलाप रखते हैं। हमारे भारतीय राजाओं ने समय-समय पर सहनशीलता तथा प्रेम का उदाहरण दिया है। सहिष्णुता के युग का प्रमाण महान भारतीय सम्राटों मौर्य युग के अशोक और मुगल काल के अकबर की नीतियों में है। जब दूसरे देश के राजाओं और शासकों की पहचान मुख्य रूप से खून-खराबे और दूसरे देश की सीमाओं के अतिक्रमण के लिए होती है वहीं हमारे देश के महान राजा अशोक को थके-हारे मुसाफ़िरों के लिए सड़कों के किनारे पेड़ लगाने और कुएँ खोदने के लिए याद किया जाता है। अशोक का उपदेश है कि हर व्यक्ति को दूसरे के धर्म का सम्मान करना चाहिए क्योंकि ऐसा करके वह अपने धर्म का प्रभाव बढ़ाता ही है, साथ ही दूसरे व्यक्ति को भी लाभ पहुँचाता है।

**क. हर धर्म सिखाता है–**

i नियम में बँधना  ii मित्रता बढ़ाना

iii भेदभाव से दूरी बनाना।  iv धर्म को सर्वोपरि मानना

**ख. भारत धर्म-निरपेक्ष देश है। कैसे? भारत देश में–**

i सब मेल-मिलाप से रहकर सभी धर्मों का सम्मान करते हैं।

ii सब मेल-मिलाप से रहकर अपने ही धर्म को सर्वश्रेष्ठ मानते हैं।

iii धर्म के नाम पर मर-मिटने को तैयार रहते हैं।

iv धर्म के प्रवाह के लिए एक-दूसरे से बैर रखते हैं।

**ग. सम्राट अशोक के उपदेश का भाव है–**

i अपने धर्म को ही सर्वश्रेष्ठ मानो।

ii सभी धर्मों का सम्मान करने से ही उन्नति होगी।

iii हम सब एक है लेकिन धर्म अनेक हैं।

iv सिर्फ़ अपने धर्म का प्रचार-प्रसार करो।

**घ. कथन (A) : भारतीय राजाओं ने समय-समय पर सहनशीलता तथा प्रेम का उदाहरण दिया है।**

**कारण (R) : सहिष्णुता के युग का प्रमाण महान भारतीय सम्राटों मौर्य युग के अशोक और मुगल काल के अकबर की नीतियों में है।**

**उपर्युक्त कथन और कारण के आधार पर सही विकल्प में ✓ लगाइए।**

i कथन (A) सही तथा कारण (R) गलत है।

ii कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

iii कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है।

iv कथन (A) तथा कारण (R) सही हैं लेकिन कारण (R), कथन (A) की व्याख्या करता है।

**ङ. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक है–**

i बैर न रखना  ii सर्वश्रेष्ठ धर्म

iii सम्राट अशोक  iv धर्म-निरपेक्ष: भारत देश

Scanned with OKEN Scanner

(खंड - ख पाठ्य पुस्तक)

**प्रश्न 1 - निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं छह शब्दों के अर्थ लिखें :-** (3)

गगरी , संदेश, मुखड़ा , सुर्खियाँ , मानसिक, अनपेक्षित, दर्पण ,परिवर्तन

**प्रश्न 2- निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं तीन शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें :-** (3)

अधिकार, अनगिनत, लुप्त, व्यर्थ

**प्रश्न 3-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें :-**

1) धीरे- धीरे उनकी आँखों में उम्मीद की चमक कम होने लगी थी " 'विश्वास की जीत ' कहानी में ये शब्द किसके लिए कहे गए? (1)

2) जादुई बस्ते की मदद से मीडिया की टीम कहाँ पहुंची ? (1)

3) चंद खिलौनों के खोने से किस पर प्रभाव नहीं पड़ता ? कविता 'जीवन नहीं मरा करता ' के आधार पर बताएँ (1)

4) ऑनलाइन दोस्ती से रोहन को क्या नुक्सान हुआ और आपने इस अनुभव से क्या सीखा ? 'सच्चा दोस्त' कहानी के आधार पर बताएँ । (2)

5) कक्षाध्यापिका ने रोहन के माता - पिता से क्या चर्चा की और इसका क्या प्रभाव पड़ा ? (2)

**प्रश्न 4 -निम्नलिखितमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखें :-** (3)

विश्वास हमें एक दूसरे के करीब लाता है ? `विश्वास की जीत' की कहानी के आधार पर बताइए कि कार लौटाने के बाद रवि और विंटेज अंकल के संबंध कैसे हो गए थे ?

**अथवा**

कवि का मानना है कि जीवन की कठिनाइयों और परेशानियों के बावजूद जीवन चलता रहता है, क्या आप इस विचार से सहमत हो ? सिद्ध कीजिये

**प्रश्न 5. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर लिखें :-** (4)

बाल श्रम एक गंभीर समस्या है जो बच्चों के भविष्य को खतरे में डालती है। यह समस्या न केवल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को प्रभावित करती है, बल्कि उनके शिक्षा और सामाजिक विकास को भी प्रभावित करती है। बाल श्रम के कारणों में गरीबी, शिक्षा की कमी, और परिवार की आर्थिक स्थिति शामिल हैं। इसके अलावा, कुछ क्षेत्रों में बाल श्रम को बढ़ावा देने वाली सामाजिक और सांस्कृतिक परंपराएं भी हैं। बाल श्रम के प्रभाव बहुत गंभीर हो सकते हैं। इससे बच्चों को शारीरिक और मानसिक नुकसान हो सकता है, और उनके भविष्य की संभावनाएं कम हो सकती हैं। बाल श्रम को रोकने के लिए हमें कई कदम उठाने होंगे। इनमें शिक्षा को बढ़ावा देना, गरीबी को कम करना, और बाल श्रम के खिलाफ कानूनों को सख्ती से लागू करना शामिल है।

1. आपकी पाठ्यपुस्तक के किस पाठ में उपरोक्त विषय को लिया गया है?
2. बाल मज़दूरों के जीवन को सुधारने के लिए आप क्या कोशिश करेंगे?
3. यदि समय पर कारखाने में काम के रहे बच्चों को न बचाया होता तो इसका क्या प्रभाव होता?
4. कथन (A) : बाल श्रम से बच्चों का भविष्य ख़तरे में पड़ जाता है।

   कारण (R) : बाल श्रम से बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर प्रभाव पड़ता है।

Scanned with OKEN Scanner

उपरोक्त कथन और कारण के आधार पर सही विकल्प चुनिए:-

1) कथन (A) सही और कारण (R) ग़लत है।

2) कथन (A) और कारण (R) दोनों ग़लत है।

3) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है।

4) कथन (A) और कारण (R) सही है लेकिन कारण (R) कथन (A) की व्याख्या करता है।

**(खंड ग व्याकरण)**

1. क) (सामने, और , के आगे) विकारी शब्द हैं या अविकारी? **(1+1=2)**

ख) शब्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो

2. क) गह, फज़ (र के विभिन्न रूपों का सही स्थान पर प्रयोग करके लिखें) **(1+1=2)**

ख) अनुस्वार तथा अनुनासिक में एक अंतर उदाहरण सहित बताएँ ।

3. क) बोली किसे कहते हैं ?वह उपभाषा कब कहलाती है ? **(1+1=2)**

ख) भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी भारतीय भाषाएँ हैं?

4. क) उपसर्ग लगा कर एक-एक शब्द बनाओ :- निर् , सम **(½+½+1=2)**

ख) 'व्याकरण ' शब्द में से उपसर्ग तथा मूल शब्द अलग करके लिखें।

5. क) प्रत्यय लगाकर एक-एक शब्द बनाएँ :- पन, ई **(½+½+1=2)**

ख) 'मुखिया 'शब्द में से प्रत्यय तथा मूल शब्द अलग करके लिखें।

6. क) संधि करो :- अनु +एषण , कार्य +आलय **(1+2=3)**

ख) संधि विच्छेद करो:- यथेच्छा , महर्षि

7. क) समास विग्रह करके उसका भेद भी बताएँ:- छली-कपटी , , गजानन **(2+1=3)**

ख) समस्त पद बनाओ :- कनक के समान लता , दास और दासी

8. क) (जलन ,कुढन ,पाखंड ) में से कौन सा पर्यायवाची "ईर्ष्या "का नहीं है ? **(3)**

ख) सर्दियों में छह बजे ही __________ छा जाता है (तम, तिमिर, अँधेरा )

(रिक्त स्थान में उचित पर्यायवाची शब्द चुन कर भरें )

ग) 'ओछा' शब्द के दो पर्यायवाची लिखें।

9. क) दाँत आने से पहले छोटे बच्चों को **(तरल** )पदार्थ दिए जाते हैं–––पदार्थ वे चबा नहीं सकते।(कोष्ठक में लिखे शब्द का उचित विलोम रिक्त स्थान में भरे) **(½+½+2=3)**

ख) **(दोषी** )को सजा मिली और–––को छोड़ दिया गया। (कोष्ठक में लिखे शब्द का उचित विलोम रिक्त स्थान में भरे)

ग) दंड, आकर्षण , तृप्त, जीवन (उचित विलोम शब्द लिखो)

10. क) रवि–––बाँसुरी बजा –––लेता है। (रिक्त स्थान में उचित **निपात** भरें) (1+½+½=2)

ख) वाह ! तुम अब कॉमेडियन बनोगे।। (**विस्मयादिबोधक शब्द** को रेखांकित करें)

ग) बुखार–––वह अच्छा नहीं खेल सका। (उचित **सम्बन्ध बोधक** शब्द भरें)

Scanned with OKEN Scanner

(2)

**11. रेखांकित पदबंधों के भेद बताएँ:-**

क) (शेर की तरह दहाड़ने वाले ) तुम आज ख़ामोश क्यों हो?

ख) (पुस्तकों से भरी अलमारी ) ख़ाली करो।

12. क) बच्चे पार्क में टहल रहे थे।(वाक्य में से **उद्देश्य तथा विधेय** अलग- अलग करके लिखें) (1+½+½=2)

ख) जिन्होंने यह गमला तोड़ा है ,वे शरारती लड़के कहाँ हैं?।(**रचना के आधार पर वाक्य** का भेद बताएँ)

ग) रमन दूध पी कर चला गया। (रचना के आधार पर वाक्य का भेद बताएँ)

**13. क) विराम चिह्न का प्रयोग करके लिखें-** (2+1=3)

गांधी जी कहते थे सत्य का पथ सच्चा पथ है सत्य ईश्वर के समान है इसलिए इसी पथ पर चलना चाहिए

ख) **विराम चिन्हों के नाम** बताएँ- 1) (:) 2) ( I)

**14. क) निम्नलिखित लोकोक्तियों के अर्थ लिखें :-** (2+2+1=5)

जान न पहचान खाला जी सलाम , एक तो चोरी ऊपेर से सीना जोरी

ख) **मुहावरों** का वाक्य में प्रयोग करें:-

ठगा सा रह जाना ,कमर कस लेना

ग) गोलगप्पे का ठेला देखकर रीता के --- गया ।(रिक्त स्थान में उचित मुहावरा भरें)

15) क) **अनुप्रास** अलंकार का एक उदाहरण लिखिए । (2)

ख) 'जो रहीम गति दीप की ,कूल कपूत गति होए ; बारे उजियारे करै,बढ़े अंधेरो होए' अलंकार का भेद बताइए।

**( खंड घ रचनात्मक लेखन )**

16) आपके सेक्टर का पार्क बेहद ख़राब हालत में हैं ।इसका सौंदर्यीकरण करवाने का अनुरोध करते हुए प्राधिकर सचिव, नगर निगम को पत्र लिखिए । (5)

**अथवा**

'टाबर टोली 'बच्चों का अख़बार है ।आपने शिक्षक दिवस पर अपने शिक्षकों के लिए एक कविता लिखी है ।इसे प्रकाशित करने का अनुरोध करते हुए 'टाबर टोली 'बाल समाचार पत्र के संपादक जी को एक पत्र लिखिए।

17) **संकेत बिन्दुओ के आधार पर लगभग 100 शब्दों में किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें :** (5)

**बढ़ती डिजिटल धोखाधड़ी : सावधानियाँ और बचाव**

**संकेत बिंदु** - डिजिटल दुनिया, डिजिटल के बिना जीवन असंभव, बुद्धि का उपयोग करके जालसाज से बचना डिजिटल ठगी से बचाव के उपाय जानना

**अथवा**

**लड़का-लड़की एक समान**

**संकेत-बिंदु**- भूमिका, लड़का-लड़की एक समान का दृष्टिकोण, कन्या-शिशु को बढ़ावा, नारी की उन्नति से ही की उन्नति, जीवन के अनेक क्षेत्रों में पुरुषों के साथ समान भागीदारी, उपसंहार।

Scanned with OKEN Scanner

**18. नीचे दिए गए प्रस्थान बिंदुओं से आरंभ करके लगभग 100 शब्दों में मौलिक लघुकथा लिखिए** (4)

एक दिन शर्मा जी अपनी दुकान पर बैठे थे कि उनका फ़ोन बज उठा। फ़ोन करने वाले व्यक्ति ने बताया कि उनका नाम आज के लक्की विजेता के लिए चुना गया है और उन्होंने होंडा सिटी कार जीती है। अब आगे...

**अथवा**

कूड़ा खुले में फेंक रहे अंकलजी और एक जागरूक बच्चे के बीच हुई बातचीत को 50-60 शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए।

**19.** स्कूल पत्रिका के लिए कविताएँ ,लेख ,कहानियां आदि के लिए विद्यार्थियों को आमंत्रित करते हुए विद्यालय के सांस्कृतिक बोर्ड के लिए **सूचना** लिखिए । (3)

**अथवा**

**नीचे दिये गए चित्र को देखकर उसके बारे में 70-80 शब्दों में लिखें:-**

